परिपत्र संख्या 60/2016

जावीद अहमद,
आई0पी0एस0

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश ।
1–तिलक मार्ग, लखनऊ–226001
फोन नं0–0522–2206104, फैक्स नं0 2206120
सीयूजी नं0–9454400101
ई–मेल–dgpolice@sify.com, police@up.nic.in
वेबसाइट uppolice.gov.in

दिनांक:लखनऊ:अक्टूबर 27, 2016

प्रिय महोदय,

आप अवगत है कि आगामी दिनांक 30 अक्टूबर, 2016 को दीपावली का त्यौहार प्रदेश में धूमधाम से मनाया जायेगा। इस संदर्भ में हमें याद रखना होगा कि तमाम् अनाथ/बेसहारा बच्चे एवं वृद्धाश्रम में रहने वाले बड़े बुजुर्ग अपने परिवार एवं संसाधन के अभाव में यह त्यौहार नहीं मना पाते हैं। कानून व्यवस्था संभालने के साथ ही साथ पुलिस का यह नैतिक दायित्व है कि हम समाज के विभिन्न वर्गों का विश्वास जीतें। इस प्रकार के महत्वपूर्ण अवसरों पर अनाथ बच्चों, गरीबों, बेसहारा बुजुर्गों इत्यादि के साथ कुछ समय व्यतीत करके, उन्हे मुबारकबाद देना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि दीपावली की पूर्व संध्या पर (दि0–29.10.2016) सायंकाल 6.00 बजे से 7.00 बजे के मध्य अपने अपने जनपद में थानावार अनाथ आश्रम/वृद्धाश्रम में मिठाई, सजावटी पटाखे (फुलझड़ी, अनार आदि), मोमबत्ती इत्यादि लेकर एक स्थान पर आप स्वयं उपस्थित रहकर, समस्त थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक को एक–एक स्थान पर स्वयं जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

इसके अतिरिक्त दीपावली की संध्या पर (दिनांक 30–10–2016) को समस्त पुलिस अधीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के बच्चो एवं परिवारीजनों के साथ भी सामूहिक रूप से दीपावली मनायें। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक अपनी सुविधानुसार इस आयोजन में सम्मिलित हों। उपरोक्त अवसरों की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी करायी जाये ।

(जावीद अहमद)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश ।

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/(नाम से)
पुलिस अधीक्षक,
उ0प्र0।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :

1–समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उ0प्र0 ।
2–समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0 ।